जरूरतमंदों को निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया कंबल का वितरण

भिलाई नगर/ बढ़ती ठंड और शीतलहर के चलते भिलाई निगम ने ज्यादा भीड़-भाड़ एवं आवाजाही वाले स्थानों सहित चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की है वहीं बीती रात्रि 9:00 बजे आयुक्त प्रकाश सर्वे स्वयं ऐसे स्थानों का मुआयना करने निकले। ठंड में बिना कंबल के बैठे और सोए हुए लोगों को उन्होंने तत्काल कंबल की व्यवस्था करते हुए कंबल का वितरण किया। शहर के प्रमुख आवाजाही वाले स्थल जैसे कुरूद बाजार चौक , ओम शांति ओम चौक , राजीव नगर, वैशाली नगर गोल मार्केट , पावर हाउस रेलवे स्टेशन, शीतला कांप्लेक्स के पास, जवाहर नगर रिक्शा स्टैंड, सुभाष चौक रोजगार कार्यालय के पास, गदा चौक सुपेला, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, सुपेला घड़ी चौक, चंद्रा मौर्या के पास रिक्शा स्टैंड एवं नेहरू नगर चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

एक कंबल के सहारे फुटपाथ किनारे सो रहे थे दो लोग, महिला अपनी बच्ची के साथ बिना गर्म कपड़े की मिली, आयुक्त ने दिया कंबल रात्रि में जब निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे दौरे पर थे , उन्होंने देखा कि ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति सो रहा है और वह भी पतली सी चादर ओढ़कर आयुक्त ने उन्हें ठंड से राहत दिलाने कंबल दिया। जब आयुक्त आगे बढ़े तो अंडर ब्रिज के पास चबूतरे में एक कंबल से दो व्यक्ति सोते मिले आयुक्त ने पूछा क्या करते हो उन्होंने रिक्शा चालक होने की जानकारी दी , दोनों को कंबल दिया गया। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला अपनी छोटी सी बच्ची के साथ बिना गर्म कपड़े के बैठी मिली तथा पावर हाउस रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति बिना गर्म कपड़े के सोते मिला इन सभी को आयुक्त ने कंबल दिया। गहरी नींद में सोए हुए लोगों को आयुक्त ने नहीं जगाया बल्कि उन्हें कंबल ओढ़ाकर ऐसे लोगों की तलाश में शहर में 5 घंटे तक अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त सुनील अग्रहरी एवं जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , मनीष गायकवाड तथा अन्य अधिकारियों के साथ घूमते रहे। निगम आयुक्त श्री सर्वे ने शीतलहर के मद्देनजर सभी जोन आयुक्तों को जरूरतमंद को कंबल वितरण करने और आवाजाही वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था बरकरार रखने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शीतलहर के चलते अलाव सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।